"(4) भूमि के नीचे आग लगने या उसी खान के किसी भाग से या किसी पार्श्ववर्ती खान से आग को फैलने से रोकने की समुचित व्यवस्था की जाएगी और किसी ऐसी आग या तापन पर, जो घटित हो सकती हो, नियंत्रण करने या उसे पृथक करने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएंगे ।

(5) स्थायी रूप से बन्द न किए गए संचरणीय प्रवेशद्वार के द्वारा सतह से संवद सभी अप्रयुक्त कार्यकरणों का निरीक्षण प्रति तीस दिन में कम से कम एक बार किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा इस बात के लिए किया जाएगा कि अवैध शराब तो नहीं निकाली जाती है । ऐसे हर निरीक्षक की रिपोर्ट इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दयुक्त पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी और निरीक्षक करने वाला व्यक्ति उस पर हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा ।"

20. उक्त विनियमों के विनियम 118 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अतःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"118. **स्वतःतपन की बाबत अतिरिक्त पूर्वावधानियां** :—स्वतः तपन के खतरे की बात निम्नलिखित अतिरिक्त पूर्वावधानियां बर्ती जाएंगी :—

(1) (क) टांका या भेदन कार्य ऐसे पैनलों में, जिनमें स्वतंत्र संवातन हो, इस प्रकार किया जाएगा कि यदि आवश्यक हो तो आपस में एक दूसरे को आसानी से अलग करना सम्भव हो । जहां बिना इस बात का ध्यान रखे विकास पहले ही किया जा चुका हो, वहां राकों का सन्निमार्ण करके कृत्रिम पैनलों की रचना की जानी चाहिए । पैनल का आकार अवधारित करते समय उसमें के स्तम्भों को कोयले की उद्भवन-अवधि के भीतर पूरी तरह से निकाल सकने की वांछनीयता का उचित ध्यान रखा जाएगा ।

(ख) कोयला शेल या अन्य कार्बनयुक्त सामग्री न तो भूमि के नीचे रहने दी जाएगी और न ही इकट्ठी की जाएगी । जहां गिरे हुए कोयले को खान से हटाकर बाहर किया जाना साध्य न हो वहां उस क्षेत्र को प्रभावशाली रूप से बन्द कर दिया जाएगा ।

(ग) वहां के सिवाय जहां मुख्य निरीक्षक ने लिखित आदेश द्वारा अन्यथा अनुज्ञात किया हो और ऐसी शर्तों के अध्याधीन जिन्हें वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, किसी भी टांके या भेदन में से स्तम्भों के निकालने का कार्य सिवाय इसके कि प्रवेश द्वारा पर बनाए गए अग्निरोधों या रोकों मे, जो संवातन या कर्षण के लिए खुले रखे जाने हों, दरवाजे या विवृत छोड़े जा सकेंगे और ईटें और अन्य उपर्युक्त सामग्री उनके सामीप्य में तत्काल उपलब्ध रखी जाएगी, तब तक प्रारम्भ नही किया जाएगा जब तक कि पैनल के सभी प्रवेश द्वारों पर अग्निरोधक या रोक की व्यवस्था न कर दी गई हो ; अग्निरोधक या रोकों के सनिनर्माण में शेल या अन्य कार्बनयुक्त सामग्री का नहीं किया जाएगा ।

(घ) ज्यों ही कोई पैनल खोद लिया गया हो, त्यों ही उसे पर्याप्त रोकों द्वारा पृथक कर दिया जाएगा ।

(2) आग से निपटने के लिए पर्याप्त सामाग्री भूमि के नीचे उपयुक्त स्थानों पर परिवहन और उपयोग के लिए तैयार रखी जाएगी ; और पर्याप्त संख्या में व्यक्तियों को इस सामाग्री का प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा

(3) (क) इस दृष्टि से कि स्वत: तापन का प्रारम्भिक अवस्था में पता चल जाए, हर डपिलारिंग डिस्ट्रिक्ट के और हर ऐसी खुदाई के,जो पृथक न की गई हो, वापसी वायुगवाक्ष मार्ग में की वायु का :—

(1) कार्बन मोनक्साइड का प्रतिशत जानने के लिए प्रति सात दिन मे कम से कम एक बार ऐसे किस्म के स्वचालित डिटक्टर से, जो मुख्य निरीक्षक द्वारा अनुमोदित हो, परीक्षण किया जाएगा; और

(2) सी० ओ० निर्मित /02 अवशोषित अनुपात अवधारित करने की दृष्टि से प्रति तीस दिन में कम से कम एक बार पूरी तरह विश्लेषण किया जाएगा । ऐसे हर परीक्षण का परिणाम इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक जिल्दमुक्त पष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा और परीक्षण करने वाला व्यक्ति उस पर हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा ।

(ख) यदि क्रमिक परीक्षणों से यह दर्शित होता हो कि सी० ओ० निर्मित /02 अवशोषित अनपात में अविरत वृद्धि हुई है तो तापनस्थाल अवधरित करने के लिए तथा उनसे निपटने के लिए उपयुक्त उपाय किएं जाएंगें ।

(ग) हर डपिलारिंग डिस्ट्रिक्ट का निरीक्षण हर निष्कार्य दिन किया जाएगा और बन्द न किए गए सभी अप्रयुक्त खननों का निरीक्षण प्रति सात दिन में कम

कम से एक बार किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा अग्नि से किसी जोखिम को जानने के लिए किया जाएगा: खुदाई क्षेत्र के चारों और बनाई गई पृथक्करण रोकों का उसी अन्तराल से निरीक्षण किया जाएगा । ऐसे हर निरीक्षण की एक रिपोर्ट इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक जिल्द-युक्त पृष्ठांकित पुस्तक में, अभिलिखित की जाएगी और निरीक्षण करने वाला व्यक्ति उस पर हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा ।

(4) जहां किसी खान या उसके किसी भाग मे ऐसी विशेष दशाएं विद्यमान हों जिनके कारण इस विनियम के उपबन्धों में से किसी का अनुपालन करना आवश्यक या युक्तियुक्त तौर पर साध्य न हो वहां प्रादेशिक निरीक्षक, लिखित द्वारा और ऐसी शर्तों के अध्यधीन जिन्हें वह उसमें विनिर्दिष्ट करें, उस उपबन्ध से छूट दे सकेगा :

परन्तु जहां निष्कर्षण के परिणाम स्वरूप हुई रिक्तियां रेत या किसी अन्य अदाह्य सामग्री से मजबूती से भर दी जायें वहां अधिनियम 1(क), (ग) और (घ) के उपबन्ध तब तक लागू नहीं होंगे जब तक मुख्य निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा ऐसी अपेक्षा न करे ।

(5) यदि इस विनियम के उपबन्धों के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न हो तो वह मुख्य निरीक्षक को उसके विनिश्चय के लिये निर्दिष्ट किया जायेगा जो अन्तिम होगा ।

21. उक्त विनियमों के विनियम 123 में—

(i) उपविनियम (4) को उसके खंड (क) के रूप में पुनः संख्यांकित किया जायेगा और ऐसे पुनः संख्यांकित खंड के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(ख) हर खान में, हर खनन ग्रुप पर और मुख के 60 मीटर के भीतर हर सड़क मार्ग पर काम घंटों के दौरान उपयुक्त अन्तरालों से पानी इस रीति से डाला जायेगा जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि फर्श, छत और पार्श्वों और किन्हीं अवलम्बों पर धूल के घनिष्ठ मिश्रण में भार के अनुसार जल 30 प्रतिशत से अनधिक मिला हुआ हो"

(ii) उपविनियम (5) में—

(क) खण्ड (क) और (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

"(क) हर खान में कोयले की धूल के खतरों के विरुद्ध, भूमि के नीचे खान के ऐसे हर भाग में, जो हमेशा प्राकृतिक रूप में पूर्णतया भीगा न हो या जो विस्फोटन सहरोधों से पृथक न किया हुआ हो; खण्ड (ख) में अधिकथित पूर्वविधानियों का अनुपालन किया जायेगा :

परन्तु यदि प्रादेशिक निरीक्षक ऐसे अनुपालन की आवश्यकता न समझें तो वह लिखित रूप में आदेश द्वारा खान के किसी भी भाग को इन पूर्वविधानियों के अनुपालन से छूट दे सकेगा ।

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट खान के हर भाग—

(i) में साफ अदाह्य धूल इस रीति से और ऐसे अन्तरालों पर डाली जायेगी जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि फर्श, छत और पार्श्वों और किन्हीं अवलम्बों पर की धूल में, उस कोयला-सीमा की दशा में जिसमें 30 प्रतिशत से अनधिक वाष्पशील द्रव्य (शुष्क राख के मुक्त आधार पर) हो तब हमेशा 75 प्रतिशत से अनधिक अदाह्य पदार्थ और उस कोयला-सीम की दशा में जिसमें 30 प्रतिशत से अधिक वाष्पशील द्रव्य हो, तब 85 प्रतिशत अदाह्य पदार्थ होगा; या

(ii) में पानी ऐसी रीति और ऐसे अन्तरालों से डाला जायेगा जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि फर्श, छत और पार्श्वों और किन्हीं अवलम्बों पर धूल के घनिष्ठ मिश्रण में भार के अनुसार जल 30 प्रतिशत से अनधिक मिला हुआ हो; या

(iii) कि देख भाल ऐसी रीति से की जायेगी जिसे मुख्य निरीक्षक लिखित रूप में आदेश द्वारा अनुमोदित करे ।

(ख) खण्ड (ग) का लोप कर दिया जायेगा;

(iii) उपविनियम (6) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(6) (क) इस उपविनियम के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त अदाह्य धूल—

(i) ऐसी होगी कि उसमें मुक्त सिलिका पांच प्रतिशत से अधिक न हो;

(ii) ऐसी बारीक और ऐसे स्वरुप की होगी कि वह सुगमता से हवा में उड़ सकती हो और जब उसका प्रयोग उन स्थानों पर किया जाये जिनका स्तर पानी से सीधे ही भीगा न हो तो उसकी टिक्की न बन जाती हो बल्कि यदि मुह या किसी उपयुक्त साधित्र से उड़ाई जाये तो वह हवा में उड़ जाती हो; और

(iii) यथासाध्य हल्के रंग की होगी ।

यदि किसी परीक्षण में, जो प्रति तीन मास में कम से कम एक बार किया जायेगा, यह पाया जाये कि पूर्वोक्त अपेक्षाओं का पालन नहीं हो रहा है, तो ऐसी अदाह्य धूल का प्रयोग जारी नहीं रखा जायेगा :

परन्तु जब खान में प्रयुक्त अदाह्य धूल का प्रदाय किसी नियमित स्रोत से नहीं किया जाता है तो जब भी कभी अदाहय धूल का नया प्रदाय आता है ये परीक्षण किये जायेंगे ।

(ख) जब खान के किसी भी स्थान या भाग में अदाह्य धूल डाली जाये, तब :—

(i) अदाह्य धूल के डालने से पूर्व यथासाध्य छत, पार्श्वों फर्श, टेंक, किगरी, छड़, विभाजक कपड़े या किसी भी अन्य वस्तु या स्थान से, जिस पर कोयले की धूल जम सकती हो, कोयले की समस्त धूल साफ कर दी जायेगी और ऐसे इकट्ठी हुई समस्त धूल चौबीस घंटों के श्रीतम् सतह पर डाल दी जायेगी;

(ii) पूर्वोक्त वस्तुओं और स्थानों पर अदाह्य धूल पर्याप्त मात्रा में और ऐसे अन्तरालों से फैला दी जायेगी जो विनियम 123 (5) (ख) के उपबन्धों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो;

(iii) कोयले की धूल की सफाई और अदाह्य धूल का फैलाव वायु के प्रवाह की दिशा में किया जायेगा;

(i) अदाह्य धूल का पर्याप्त प्रदाय खान में उपयुक्त स्थानों पर तत्काल उपलब्ध रहेगा, और भूमि के नीचे धूल के प्रदाय में कोई कमी हो तो इसकी सूचना तुरन्त ही प्रबन्धक को दी जायेगी; और

(ii) विभिन्न स्थानों पर ढेर लगीं और/या खान में के पैनों (Pens) पर या धूल अवरोधों में रखी अदाह्य धूल जब कभी और आगे सुगमता पूर्वक विसर्जित न की जा सकती हो तो बदल दी जायेगी या जब कभी उस पर कोयले की जमा हो गई हो तो वह कोयले की धूल हटा दी जायेगी ।"

22. उक्त विनियमों के विनियम 123 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"123क. धूल के नियंत्रण के लिए उपाय करना—"

(1) (क) भूमि के नीचे वाली हर खान में एक धूल रेखांक बनाये रखा जायेगा जिसमें निरूपक गुणांक का माप 1/2400 से अन्यून होगा । धूल रेखांक में अलग से उन क्षेत्रों को स्पष्ट तौर से (विशिष्ट रंगों, कूट अक्षरों और/या संख्याओं में) दर्शाया जायेगा :—

(i) जो प्राकृतिक रूप से गीले हों;

(ii) जिनमें पानी डालना अपेक्षित हो और साथ ही ऐसे प्रयोजन के लिए बिछाई गई पानी की पाइप लाइन की प्रणाली उपदर्शित की जायेगी; और

(iii) जिनमें अदाह्य धूल यथास्थिति 24 घंटों, 7 दिनों, 14 दिनों, 30 दिनों या तीन मास या अन्य विनिर्दिष्ट कालावधि के अन्तरालों से डालनी अपेक्षित हो पूर्वोक्त अंतराल संबंधित क्षेत्रों से एकत्र किये गये खान में के नेमी रूप से लिये गये धूल के नमूनों के विश्लेषण के परिणाम के आधार पर होंगे) ।

(ख) पूर्वोक्त क्षेत्र स्पष्ट रूप से भूमि के नीचे खननों में उपयुक्त सूचना पट्टों या अन्य उपयुक्त साधनों के जरिये सीमांकित किये जायेंगे ।

(2) उन क्षेत्रों का, जहां से कोयले की धूल साफ की जाती है और उन क्षेत्रों का जिनमें अदाह्य धूल या पानी डाला जाता है, और प्रयोग में लाई गई अदाह्य धूल की मात्रा का, दैनिक अभिलेख इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्द युक्त पृष्ठांकित पुस्तक में रखा जायेगा । इस पुस्तक में की हर प्रविष्टि पर धूल भार-साधक हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा तथा उस पर प्रबंधक या संबातन अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षर किये जायेंगे ।

(3) धूल पर नियंत्रण के पूर्वोक्त उपाय किसी ऐसे सक्षम व्यक्ति के पर्यवेक्षणाधीन किये जायेंगे जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विनियम 16 (1) के परन्तुक के प्रयोजन के लिये अनुमोदित किसी विश्वविद्यालय या संस्था द्वारा प्रदत्त प्रबंधक या ओवरमैन का प्रमाणपत्र या खनन या खनन इंजीनियरी में उपाधि या डिप्लोमा रखता हो। विनियम 123ख के अधीन धूल के नमूनाकरण की बाबत कोई भी कर्तव्य उस व्यक्ति को, जिसे, "धूल भारसाधक" के रूप में पदनामित किया जाये, नहीं सौंपे जायेंगे, कोई अन्य कर्तव्य भी प्रादेशिक निरीक्षक की पूर्व अनुज्ञा के बिना ऐसे व्यक्ति को नहीं सौंपे जायेंगे :

परन्तु किसी ऐसी खान की दशा में, जिसका औसत मासिक उत्पाद 5000 टन से कम हो इस विनियम में निर्दिष्ट धूल भारसाधन विनियम 123ख में निर्दिष्ट नमूना भारसाधक के रूप में कार्य कर सकता है।

(4) धूल भारसाधक यह भी देखेगा कि—

(क) खान का हर ऐसा भाग, जिसमें इन विनियमों के अधीन पानी डालना अपेक्षित हो, शॉट फायर करने से ठीक पूर्व और कार्यसमय के दौरान अन्तरालों से भी पूर्णरूप से भीगा हुआ है या उस पर पानी छिड़का हुआ है जिससे विनियम 123(5) (ख) (ii) के उपबन्धों का अनुपालन कठोरता से होता है;

(ख) खान के हर ऐसे भाग में जिसमें इन विनियमों के अधीन अदाह्य धूल डाली जा सकती है, यह इस प्रकार डाली गई है कि विनियम 123(5) (ख) (i) के उपबन्धों का अनुपालन कठोरता से होता है; और

(ग) पूर्वोक्त रूप से पानी या अदाह्य धूल डालने के लिए व्यवस्थाएं अच्छी दशा में बनाये रखी जाती हैं।

123ख. **धूल नियंत्रण के उपायों की जांच पड़ताल**—(1) कोयला-धूल पर विनियम 123 के अधीन अपेक्षित पर्याप्त कार्यवाही को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये खान की धूल के क्रमानुसार नमूने अन्तराल से और इस विनियम में विनिर्दिष्ट रीति से एकत्रित किये जायेंगे, उनका परीक्षण किया जायेगा और उनका विश्लेषण किया जायेगा।

(2) (क) हर वापसी वायुगवाक्ष, जो अन्तिम खनन मुख के दो सौ मीटर के भीतर पड़ता हो, और हर कर्षण, ट्राम या वाहक सड़क मार्ग जो प्राकृतिक रूप से पूरी तरह से गीला न हो, जोनों में विभक्त किया जायेगा जिनमें से प्रत्येक डेढ़ सौ मीटर से अधिक लम्बा नहीं होगा।

परन्तु जहां किसी खान के कुछ भागों में पानी और कुछ भागों में अदाह्य धूल डाली जा रही हो, वहां जोन इस प्रकार बनाये जायेंगे कि प्रत्येक जोन में कोयला-धूल पर कार्यवाही की एक ही पद्धति का पालन किया जाता रहे।

(ख) पूर्वोक्त रूप से बनाये गये हर जोन को तीन समान खंडों में विभक्त किया जायेगा जिनमें से प्रत्येक की लम्बाई 50 मीटर से अनधिक होगी।

(3) (क) हर जोन को क्रमबद्ध रीति में एक विशिष्ट संख्या और हर खंड को कूट अक्षर क, ख या ग दिया जाएगा। जोन और खण्ड, उन की संख्या और कूट अक्षरों सहित 1/2400 से अनधिक के निरूपक गुणांक के माप से तैयार किए गए रेखांक में, जिसे इस में इस के पश्चात् "नमूना रेखांक" कहा गया है, स्पष्ट रूप से चिह्नित किए जाएंगे। नमूना रेखांक में स्पष्ट रूप से खान के वे क्षेत्र दर्शित किए जाएंगे जो प्राकृतिक रूप से पूरी तरह से गीले हैं।

(ख) प्रत्येक जोन और खण्ड को भूमि के नीचे के खननों में भी युक्तियुक्त सूचना पट्टों या अन्य युक्तियुक्त साधनों से स्पष्ट रूप से सीमांकित किया जाएगा।

(4) (क) हर जोन से धूल के बानगी स्वरूप नमूने प्रति तीस दिन में एक बार एकत्र किए जाएंगे और इस प्रयोजन के लिए नमूने विभिन्न खंडों क, ख या ग से ऐसे चक्रानुक्रम में एकत्र किए जाएंगे कि 30 दिन की हर ऐसी कालावधि के दौरान सभी नमूने खण्ड क या खण्ड ख या खण्ड ग से एकत्र किए जाते हैं।

(ख) सफाई और उपचार क्रियाओं का विचार किए बिना पूर्वोक्त नमूने क्रमबद्ध रीति से एकत्र किए जाएंगे किन्तु किसी जोन खण्ड या उस के किसी भाग की सफाई और उपचार के चौबीस घंटे के भीतर किसी भी दशा में एकत्र नहीं किए जाएंगे।

(ग) यदि किसी विशिष्ट जोन में से खान की धूल के नमूनों से यह दर्शित होता हो कि विनियम 123(5) (ख) के उपबन्धों का अनुपालन नहीं किया गया है, तो सम्पूर्ण जोन की सफाई और उपचार करने के लिए तुरन्त ऐसे कदम उठाए जाएंगे जिस से विनियम 123(5)(ख) के उपबन्धों का अनुपालन हो जाए।

(5) उन से भिन्न जो उपविनियम 2(क) में विनिर्दिष्ट हैं हर यात्रा मार्ग में और हर वायु मार्ग में से नमूने ऐसी क्रमबद्ध रीति से और ऐसे अन्तरालों से (जो तीन मास से अनधिक के हों) लिए जाएंगे कि विनियम 123(5)(ख) के निबन्धनों के अनुसार उन के उपचार की दक्षता की यथोचित जांच पड़ताल होती है।

(6) (क) धूल के नमूने छत पार्श्वों और फर्श पर से एकत्र किए जाएंगे तथा इन में छत और पार्श्वों पर की पांच मिलीमीटर से अनधिक की गहराई से और फर्श पर की दस मिलीमीटर से अनधिक की गहराई से एकत्र की गई धूल होगी।

(ख) जहां किसी जोन में अवाह्य धूल डाली जाए वहां नमूने 'पट्टी' नमूना लेने की पद्धति से, जिस में पट्टियां यथासम्भव दस सेंटीमीटर से अन्यून की समान चौड़ाई में होंगी, और पांच मीटर से अनधिक के समान अन्तरालों से एकत्र किए जाएंगे।

(ग) जहां किसी जोन में पानी डाला जाए वहां नमूने "स्थान" नमूना लेने की पद्धति से इस प्रकार एकत्र किए जाएंगे कि नमूना ली गई लम्बाई के हर मीटर के लिए धूल का स्थान-एकत्रीकरण टेढ़े मेढ़े रास्ते के साथ साथ यथासम्भव नियमित समयान्तर के अन्तरालों पर हो जाए।

(घ) पूर्वोक्त रूप से नमूनों को एकत्र करते समय पट्टी को आरपार-गैलरियों में वायु-रोकों, यदि कोई हों, तक बढ़ाया जायगा या आरपार-गैलरियों से स्थान-एकत्रीकरण वायु रोकों तक, यदि कोई हों, किया जाएगा ।

(ङ) प्रत्येक नमूने को अच्छी तरह से मिलाया जायगा और फिर उस का 30 ग्राम से अन्यून वजन का प्रपुंज (क्वार्टरिंग द्वारा) बनाया जाएगा । इस प्रकार बनाया गया प्रत्येक नमूना आर्द्रता रोधी मकान में पैक किया जायगा जिस पर उपयुक्त रूप से लेबल या चिह्न लगाया जाएगा ।

(7) पूर्वोक्त रूप से नमूना लेनेकी प्रक्रियाएं किसी ऐसे सक्षम व्यक्ति के पर्यवेक्षणाधीन की जाएंगी जो विनियम 16 के प्रयोजन के लिए अनुमोदित किसी विश्वविद्यालय या संस्था द्वारा प्रदत्त प्रबन्धक या ओवर मैन का प्रमाण पत्र या खनन या खनन इंजीनियरी में उपाधि या डिप्लोमा रखता हो । उसे "नमूनाकरणभार साधक" के रूप में पदाभिहित किया जाएगा और वह विनियम 123 क के अधीन नियुक्त धूल भारसाधक से भिन्न होगा । प्रादेशिक निरीक्षक की पूर्व अनुज्ञा के बिना इस व्यक्ति को अन्य कर्तव्य नहीं सौंपे जाएंगे ।

(8) प्रत्येक नमूने के लिए जाने के सात दिन के भीतर उसे विश्लेषण के लिए भेजा जाएगा और ऐसे विश्लेषण का परिणाम, उस के प्राप्त होने पर तुरन्त, इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक जिल्द युक्त पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा । पूर्वोक्त पुस्तक में की प्रत्येक प्रविष्टि पर नमूना भारसाधक हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा और प्रबन्धक प्रतिहस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा ।

स्पष्टीकरण : खान में के किसी भाग को "प्राकृतिक रूप से पूरी तरह गीला" माना जाता है या यदि वह किसी भी समय उस स्थान पर छत, पार्श्वों और फर्श और अन्य वस्तुओं पर विद्यमान कोयला, धूल को इस प्रकार रखने के लिए पर्याप्त गीला हो कि घनिष्ट मिश्रण में वजन के अनुसार उस में सदा 30 प्रतिशत से अन्यून जल मिला हो ।"

23. उक्त विनियमों के विनियम 126 में :—

(i) उपविनियम (1) में विद्यमान प्रविष्टि को उस के खण्ड (क) के रूप में संख्याकित किया जाएगा और इस प्रकार संख्याकित खंड में अन्तिम वाक्य के स्थान पर निम्नलिखित वाक्य प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"ऐसा संरक्षण पर्याप्त है या नहीं, यह मुख्य निरीक्षक द्वारा अवधारित किया जाएगा जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।"

(ii) खण्ड (क) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(ख) मुख्य निरीक्षक की लिखित अनुज्ञा के सिवाय और ऐसी शर्तों के अध्यधीन जिन्हें वह उस में विनिर्दिष्ट करे और खण्ड (क) के उपबन्धों के अध्यधीन खान के प्रत्येक प्रवेश-मार्ग को इस प्रकार डिजाइन, सन्निर्मित, और अनुरक्षित किया जायगा कि इस का निम्नतम स्थल (जिस से वह स्थल अभिप्रेत है जिस पर सतह पर चढ़ती हुई जलराशि खान में प्रवेश कर सकती है) उस स्थल के उच्चतम बाढ़ तल से 1.5 मीटर से अन्यून ऊंचा हो ।

(iii) उपविनियम (3) के पश्चात् निम्नलिखित उपविनियमन स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(4) उपविनियम (2) के अधीन बनाए गए सब खननों को भूमि के नीचे स्पष्ट रूप से सीमांकित किया जाएगा ।

(5) (क) कोई सक्षम व्यक्ति, वर्षा ऋतु के दौरान प्रति 14 दिन में कम से कम एक बार और वर्ष की अन्य कालावधियों के दौरान प्रति 30 दिन में कम से कम एक बार, उपविनियम (1) के अधीन व्यवस्थित प्रत्येक सुरक्षात्मक उपाय की, चाहे वे प्रयुक्त होती हों या नहीं उनके स्थायित्व के लिए, परीक्षा करेगा । ऐसी प्रत्येक परीक्षा की रिपोर्ट इस प्रयोजन के लिए रखी गई जिल्दयुक्त पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी और उस पर परीक्षा करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और तारीख डाली जाएगी और प्रबन्धक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(ख) पूर्वोक्त सुरक्षात्मक उपाय और खननों का, प्रत्येक त्रिमास में कम से कम एक बार प्रबन्धक द्वारा वैयक्तिक रूप से निरीक्षण किया जाएगा ।"

24. उक्त विनियमों के विनियम 130 के उपविनियम (2) और (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"(2) पूर्वोक्त रूप में पर्याप्त संवातन सुनिश्चित करने के लिए, स्वामी, अभिकर्ता और प्रबन्धक यह सुनिश्चित करेगा कि :

(i) प्रत्येक संवातन डिस्ट्रिक्ट में उस डिस्ट्रिक्ट में बड़ी से बड़ी पारी में नियोजित प्रति व्यक्ति छः घन मीटर से अन्यून वायु या दैनिक टन उत्पादन के अनुसार प्रति मिनट 2.5 घन मीटर से अन्यून वायु जो भी अधिक हो, डिस्ट्रिक्ट के अन्तिम संवातन संसर्ग, जिससे डिस्ट्रिक्ट में अन्तस्तम् बोथी, जिस में से वायु गुजरती है, अभिप्रेत है, से गुजरती हो ।

(ii) खान में प्रत्येक ऐसे स्थान पर जहां व्यक्तियों का काम करना या गुजरना अपेक्षित हो, वायु में 19 प्रतिशत से कम आक्सीजन या 0.5 प्रतिशत से अधिक कार्बन डाइआक्साइड या ऐसी मात्रा में कोई विषाक्त गैस न हो जिससे किसी व्यक्ति का स्वस्थ्य प्रभावित होता हो ।

(iii) बाह्य गैस का प्रतिशत किसी संवातक डिस्ट्रिक्ट की वापसी वायु की साधारण राशि में 0.75 से और खान में किसी स्थान में 1.25 से अधिक न हो;

(iv) किसी कार्यकरण स्थान में आद्रबल्ब तापमान 33.5 डिग्री सैंटीग्रेट से अधिक न हो । और जहां आद्र बल्ब तापमान 30.5 डिग्री सैंटीग्रेट से अधिक हो, वहां उसे एक मीटर प्रति सैकंड से अन्यून की गति से चलने वाले वायु-प्रवाह के साथ संवातित करने की व्यवस्था की गई हो; और

(v) इस उपविनियम के खण्ड (ii), (iii), और (iv) के उपबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए वायु नमूने और तापमान 30 दिन में कम से कम

एक बार लिए जाएंगे और उसके परिणाम इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक जिल्दयुक्त पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित किए जाएँगे ।

परन्तु जहां किसी खान या उस के भाग में ऐसी विशेष परिस्थितियां विद्यमान हों जिनमें ऊपर के उपबन्धों का अनुपालन आवश्यक न हो या युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य न हो, वहां मुख्य निरीक्षक एक लिखित, आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करें, उपबन्धों को शिथिल करने की मंजूरी दे सकेगा ।

(3) प्रत्येक खान में उपविनियम (2) में विनिर्दिष्ट संवातन उपयुक्त यांत्रिक संवातक द्वारा किया जायगा :

परन्तु यदि किसी खान की बाबत यांत्रिक संवातक तत्काल उपलब्ध न हो तो मुख्य निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा और ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो वह उस में विनिर्दिष्ट करे, उस सयम तक के लिए जब तक कि उपयुक्त यांत्रिक संवातन प्राप्त किया जा सकता हो इस उपविनियम के प्रवर्तन में से अस्थायी छूट दे सकेगा ।"

25. उक्त विनियमों के विद्यमान विनियम 138 को उसके उप-विनियम (3) के रूप में पुनः संख्यांकित किया जायेगा और इस प्रकार पुनः संख्यांकित उप-विनियम के पूर्व निम्नलिखित उप-विनियम अन्तः स्थापित किये जायेंगे, अर्थात्—

"(1) सतह पर प्रत्येक यांत्रिक संवातन को अग्नि-सहय ढांचे में लगाया जायेगा ।

(2) भूमि के नीचे लगे हुए प्रत्येक पंखे (सहायक पंखे से भिन्न) की दशा में पार्श्वों, छत और फर्श पर अनावरित कोयले या अन्य कार्बनमय पदार्थ को चिनाई या आग के विरुद्ध अन्य पर्याप्त संरक्षण द्वारा, हर दिशा में पंखे से 5 मीटर से अन्यून दूरी तक आवृत्त किया जायेगा ।"

26. उक्त विनियमों के विनियम 139 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"139. **पंखायत रेखाचित्रों को अद्यतन किया जाना**:—प्रबन्धक यह सुनिश्चित करेगा कि ज्योंहि खान के संवातन में कोई ऐसा परिवर्तन किया जाये जिसमें किसी वायु-पारपथ या रोक-स्थल का निर्माण या हटाया जाना या किसी संवातक का भूमि के नीचे पंखे (सहायक पंखे से भिन्न) की स्थिति में परिवर्तन या उसका संस्थापन अन्तर्वलित हो तो यथास्थिति निर्माण हटाया जाना परिवर्तन या संस्थापन सर्वेक्षक को अधिसूचित कर दिया जाता है जो विनियम 59 के अधीन रखे गये संवातन रेखाचित्र में आवश्यक परिवर्तन तुरन्त कर देगा ।"

27. उक्त विनियमों के विनियम 155 के उपनियम (5) में "ओवर मैन का या गैस-परीक्षण का" शब्दों के पश्चात् "या लैम्प-जांचक का" शब्द अन्तःस्थापित किये जायेंगे ।

28. उक्त विनियमों के विनियम 163 के उपविनियम (4) में "किसी खोल या आधान पांच किलोग्राम के अधिक विस्फोटक नहीं होगा" शब्दों के स्थान पर "विनियम 164-क में अन्य उपबन्धित के सिवाय किसी खोल या आधान में पांच किलोग्राम से अधिक विस्फोटक नहीं होग शब्द और अंक प्रतिस्थापित किये जायेंगे ।

29. उक्त विनियमों के विनियम 161 के पश्चात् निम्नलिखित विनियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"164-क . . . . . **विस्फोटकों का प्रपुंज में परिवहन:** जहां विस्फोटकों का गहरे-छिद्र विस्फोटन के लिए प्रपुंज में परिवहन किया जायेगा वहां इस विनियम के उपबंध लागू होंगे ।

(1) बारूद खाने से प्राईमिंग स्टेशन या स्फोटन-स्थल को विस्फोटकों का परिवहन दिन के प्रकाश के और काष्ठ या कार्डबोर्ड के मूल पैकिंग खोलों में के सिवाय नहीं किया जायेगा । स्फोटन स्थल पर एक बार में परिवाहित विस्फोटकों की मात्रा स्फोटन स्थल पर शाटों की एक रौंद में प्रयोग के लिए अपेक्षित वास्तविक मात्रा से अधिक नहीं होगी । स्फोटन स्थल पर विस्फोटकों का परिवहन छिद्रों को चार्ज करना प्रारम्भ करने से 30 मिनट से अनधिक पूर्व किया जायेगा ।

(2) (क) विस्फोटकों के परिवहन के लिए किसी यांत्रिक रूप से चलाये जाने वाले वाहन का जब तक कि यह मुख्य निरीक्षक द्वारा लिखित रूप में अनुमोदित प्रकार का न हो प्रयोग नहीं किया जायेगा परन्तु स्फोटन यंत्रों का बारूद खाने से 'प्राईमिंग स्टेशन' को परिवहन करने के लिए जीप या लैण्ड रोवर का निम्नलिखित सभी शर्तों के अध्यधीन प्रयोग किया जा सकेगा :—

(i) एक वाहन में एक बार में 200 से अनधिक स्फोटन यंत्रों का परिवहन किया जाये;

(ii) स्फोटन यंत्रों को काष्ठ के बक्सों में युक्तियुक्त रूप से पैक किया गया हो;

(iii) वह काष्ठ का बक्स जिसमें स्फोटन यंत्र हों मुख्य निरीक्षक द्वारा अनुमोदित बनावट के किसी बाह्य धात्विक खोल के भीतर रखा हो;

(iv) बाह्य धात्विक खोल को वाहन के फर्श से युक्तियुक्त रूप से बोल्ट कर दिया जायेगा या अन्यथा किसी काष्ठ के ढांचे में ऐसे जड़ दिया जायेगा जिससे कि आधान उस समय विस्थापित न हो जब कि वाहन गति में हो; और

(v) कोई भी व्यक्ति वाहन के पीछे के भाग में नहीं चढ़ेगा :

(ख) विस्फोटकों के परिवहन के लिए प्रयुक्त प्रत्येक वाहन पर दोनों पार्श्वों और सिरों पर सफेद पृष्ठ भूमि पर लाल अक्षरों में 15 सेंटीमीटर से अन्यून ऊंचाई पर 'विस्फोटक' शब्द अंकित किया जायेगा या प्लेकार्ड के रूप में लगाया जायेगा ।

(ग) विस्फोटकों का परिवहन करने के लिए प्रयुक्त यांत्रिक रूप से चलाये जाने वाले प्रत्येक वाहन में दो से अन्यून अग्निशमकों (एक कार्बन टेट्रा क्लोराइड प्रकार का पेट्रोल की अग्नि के लिए और दूसरा कार्बन डाइआक्साइड अवदबाव प्रकार का बिजली की अग्नि के लिए) की व्यवस्था की जायेगी और उन्हें युक्ति-युक्त रूप से ऐसे रखा जायेगा कि तत्काल प्रयुक्त हो सकें ।

(3) (क) विस्फोटकों का परिवहन करने के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन को अतिभारित नहीं किया जायेगा और किसी भी दशा में विस्फोटक के खोलों को उसकी बौडी के पार्श्वों से ऊंचा नहीं रखा जायेगा ।

(ख) विस्फोटकों और स्फोटन-यंत्रों का परिवहन एक ही वाहन में नहीं किया जाएगा।

(4) (क) विस्फोटकों का परिवहन करने के लिए प्रयुक्त यांत्रिक रूप से चलाये जाने वाले किसी वाहन पर चालक और उसके सहायक (जो 18 वर्ष के कम की आयु का न हो) से भिन्न कोई भी व्यक्ति नहीं चलेगा।

(ख) विस्फोटकों से लदे हुए किसी वाहन को अरक्षित नहीं छोड़ा जायेगा।

(ग) विस्फोटकों का परिवहन कर रहे किसी वाहन पर लदाई या उससे उतराई या उसे खड़ा हुआ छोड़ने से पूर्व उसके इंजिन को बन्द कर दिया जायेगा और ब्रेक मजबूती से लगा दिये जायेंगे।

(घ) विस्फोटकों का परिवहन कर रहे किसी वाहन को 25 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की गति से नहीं चलाया जायेगा।

(ङ) विस्फोटकों से लदे हुए किसी वाहन को गैरेज या मरम्मतशाला में नहीं ले जाया जायेगा और किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान पर नहीं खड़ा किया जाएगा।

(च) विस्फोटकों का परिवहन कर रहे किसी वाहन को आपात के सिवाय पुनः ईंधन नहीं दिया जायेगा और तब भी उसके इंजिन को रोक दिया जायेगा और दुर्घटनाएं रोकने के लिये अन्य पूर्वाबंधानियां बरती जायेंगी।

(छ) विस्फोटकों का परिवहन कर रहे किसी वाहन के साथ कोई ट्रेलर नहीं जोड़ा जायेगा।

(5) (क) विस्फोटकों के परिवहन के लिए प्रयुक्त प्रत्येक वाहन का प्रति 24 घंटों में एक बार किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान से निरीक्षण किया जायेगा कि :

(i) अग्निशमक भरे हुए हैं और नियत स्थान पर हैं;

(ii) बिजली का तार भली प्रकार से रोधी है और मजबूती से बंधा हुआ है;

(iii) पीठिका इंजिन और बाडी साफ और अक्षिशेष तेल और ग्रीज से मुक्त है,

(iv) ईंधन टंकी और भरण नलियां चू नहीं रही हैं; और

(v) बत्तियां ब्रेक और चालन यंत्रावली अच्छी तरह काम कर रहे हैं।

(ख) उपखण्ड (क) के अधीन किये गये प्रत्येक निरीक्षण की रिपोर्ट इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक जिल्दयुक्त पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलिखित की जायेगी और निरीक्षण करने वाले सक्षम व्यक्ति द्वारा उस पर हस्ताक्षर किये जायेंगे और तारीख डाली जायेगी।

(6) विस्फोटकों के परिवहन से सम्बन्धित सभी क्रियाएं खान में विस्फोटक क्रियाओं के एक मात्र भारसाधक किसी ओवरमैन के व्यक्तिगत पर्यवेक्षणाधीन की जायेंगी।

(7) शॉटफायरर विस्फोटकों के परिवहन और उपयोग में लगे हुए प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी स्वयं लेगा और अपना यह समाधान करेगा कि इस प्रकार लगे हु

किसी व्यक्ति के पास सिगार सिगरेट बीड़ी या अन्य धुम्रपान सामग्री या माचिस या किसी प्रकार का कोई अन्य ऐसा उपकरण नहीं है जिससे प्रकाश ज्वाला या चिनगारी उत्पन्न हो सकती हो ।"

30. उक्त विनियमों के विनियम 168 के उपविनियम (15) में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा अर्थात् :—

"परन्तु निवृत्त खनन की दशा में एक रोंद में कितनी भी संख्या में शाट छोड़े जा सकेंग , उन्हें पर्याप्त क्षमता वाले किसी स्फोटक के द्वारा विद्युत से छोड़ा जाये ।"

31. उक्त विनियमों के विनियम 169 के खंड (5) में

(i) उपखंड (ग) में अन्त में आये हुए "और" शब्द का लोप कर दिया जायेगा;

(ii) उपखंड (घ) के अन्त में "पूर्णविराम" के स्थान पर "अर्धविराम" प्रतिस्थापित किया जायेगा और "और" शब्द जोड़ा जायेगा;

(iii) उपखण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित उपखण्ड अन्तःस्थापित किया जायेगा अर्थात् :—

"(ङ) केवल उसी विद्युत् प्रतिरोध के विस्फोटक-प्रेरको का प्रयोग किया जायेगा ।"

32. उक्त विनियमों के विनियम 173 में,

(i) "विनियम 172 के अधीन" शब्दों और अंको का लोप कर दिया जायेगा;

(ii) खण्ड (घ) में "कोयले में किसी भी संख्या में छोड़े गये शाटों में" शब्दों के स्थान पर "कोयले में छोड़े जाने वाले किसी शाट में" शब्द प्रतिस्थापित किये जायेंगे ।

33. उक्त विनियमों को विनियम 180 के उपविनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपविनियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(3) (क) स्वामी, अभिकर्ता या प्रबन्धक विस्फोटकों के भण्डारकरण परिवहन और खान में प्रयोग के दौरान उनके भूषण को रोकने के लिये पर्याप्त पग उठायेगा ।

(ख) कोई भी व्यक्ति इन विनियमों में यथा उपबंधित के सिवाय न तो विस्फोटको को अपने पास रखेगा और नही विस्फोटकों को किसी निवास गृह में छिपायेगा या रखेगा ।"

34. उक्त विनियमों के विनियम 202 मे,—"मुख्य निरीक्षक" शब्दो के पश्चात् "या कोई अपर मुख्य निरीक्षक" शब्द अन्तःस्थापित किये जायेंगे ।

35. उक्त विनियमों की प्रथम अनुसूची में प्ररूप 1 में, मद 4 (क) में "सहायक/प्रबन्धकों/" शब्द और स्ट्रोक के पश्चात् "सुरक्षा अधिकारी/संवातन अधिकारी/" शब्द और स्ट्रोक अन्तःस्थापित किये जायगे ।

36. उक्त विनियमों की तृतीय अनुसूची मे, प्ररूप 2 के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अन्तः-स्थापित किया जायेगा, अर्थात् --

'प्ररूप 3

बोर्ड और पिल्लर पद्धति से भिन्न पद्धति से कोयला निकालना

(विनियम 100-क देखिए)

1. साधारण

(i) खान का नाम

(ii) स्वामी

(iii) जिला

(iv) राज्य

2. उस सीम का विवरण जिसमे कार्य किया जाना है

(i) नाम/सख्या

(ii) कुल मोटाई

(iii) कार्यकरण मोटाई (खण्ड बताइए)

(iv) न्यूनतम एक मीटर मोटाई तक छत का स्वरूप

(v) न्यूनतम एक मीटर मोटाई फर्श का स्वरूप

(vi) खान की सतह से अधिकतम और न्यूनतम गहराई

(vii) बताइए·

(क) उत्थित कोयले के प्रति टन मे दाह्य गैस के उत्सर्जन की दर।

(ख) साधारण वायु-वाही मे दाह्य गैस का प्रतिशत।

(viii) क्या (क) उसी खान मे, या (ख) पार्श्ववर्ती खानो मे सीम मे अग्नि का कोई इतिहास है? ब्यौरा दीजिए।

(ix) सीम की वह उद्भवन अवधि क्या है जिसकी जानकारी है या जिसकी आशा है?

3. उपरिशायी और अध स्थ सीम की दशा

(i) स्ट्राटा का खण्ड अलग से बताए

(ii) क्या सीम जल-मुक्त है? यदि नही तो जल के स्तर की स्थिति के सम्बन्ध मे ब्यौरा दीजिए।

(iii) क्या सीम निष्कर्षित/विभक्त/स्तम्भो पर खड़ी/प्राकृत है?

(iv) यदि सीमो को निष्कर्षित/विभक्त कर लिया गया है, तो बताइए केविंग पद्धति द्वारा किया गया है या टबचालित स्टोविंग या शुष्क स्टोविंग द्वारा।

(v) उपरिशायी या अध स्थ सीमो/खण्डो मे या सतह पर कोई अग्नि है? यदि हा तो उसके बारे मे ब्यौरेवार इतिहास और अग्नि की वर्तमान दशा बताइए।

(vi) बताइए।

(क) उचित कोयले के प्रति टन मे दाह्य गैस के उत्सर्जन की दर।

(ख) साधारण वायु-बर्डी मे दाह्य गैस का प्रतिशत।

4. **विकास की प्रस्थापित पद्धति**

(क) खनन के प्रस्थापित अभिन्यास का ब्यौरेवार वर्णन कीजिये। उस क्षेत्र को जिसके खनन की प्रस्थापना है और विनियम 59 के अधीन रखे गये अंतर्नोम रेखाक मे दर्शाये जाने के लिए अपेक्षित सभी अन्य लक्षणो को (जिसमें सतह-लक्षण सम्मिलित है) दर्शाते हुए एक अभिन्यास रेखांक की दो प्रतियो मे प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(ख) कोयला-कर्तन/कोयला प्राप्ति के लिए और मुख से सतह तक कोयले के रिव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली मशीनरी का प्रकार।

5. **निष्कर्षण की प्रस्थापित पद्धति**

(क) रेत/सदलित व्यय के द्रव्यचालित स्टोविंग द्वारा गैसयांत्रिकी-स्टोविंग या केविंग पद्धति द्वारा, और/या

(ख) दीर्घभित्ति निवर्तन या दीर्घभित्ति नभगमन पद्धति द्वारा, या

(ग) किसी अन्य विशेष पद्धति द्वारा जैसे आनत स्तर-खडो क्षतिज स्तर-खडो द्वारा और उपतल केविंग आदि।

टिप्पण . प्रत्येक दशा मे निष्कर्षण की रीति को ब्यौरेवार और युक्तियुक्त रेखाचित्रो के साथ निदर्शित कीजिए।

(घ) कोयला-कर्तन/कोयला प्राप्ति के लिए और मुख से सतह तक कोयले के परिवहन के लिए प्रयुक्त की जाने वाली मशीनरी का प्रकार।

6. **अवलम्ब**

(क) अवलम्ब की प्रस्थापित पद्धति

(i) विकास

(ii) डपिलारिंग/अन्तिम निष्कर्षण के दौरान

टिप्पण प्रत्येक दशा मे रेखाचित्रो के साथ निर्देशित कीजिए।

(ख) अवलम्ब के लिए प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री काष्ठ है या इस्पात/यदि इस्पात अवलम्बो का प्रयोग किया जाना है तो अवलम्बो के प्रकार का व्यापार-नाम यदि कोई हो बताते हुए उनका प्रकार बताइए कि व दृढ़ हैं, घर्षण है या द्रव प्रकार के है।

7 **कोयले की धूल के विरुद्ध पूर्वावधानियां**

(क) खनन-मुखो के 60 मीटर के भीतर

(ख) ढुलाई सडको और वायुमार्गों मे

(ग) खनन के अन्य भागो मे

(घ) क्या पत्थर-धूल रोधो की व्यवस्था की जायेगी ? यदि नही तो कारण बताइए।

(ङ) प्रयुक्त की जाने वाली पत्थर-धूल का प्रकार।

8. **जल से खतरे के विरुद्ध पूर्वाविधानियां**

(1) यदि विनियम 126 के उपबन्ध लागू होते है तो उन पूर्वाविधानियो का वर्णन कीजिए जिनके सतह-जल मे खतरे के विरुद्ध बरते जाने की प्रस्थापना है ।

(2) यदि विनियम 127 के उपबन्ध लागू होते है तो उन पूर्वाविधानियो का वर्णन कीजिए जिनके भूमिगत जल से खतरे के विरुद्ध बरते जाने की प्रस्थापना है ।

9. **संवातन**

(1) सतह पंखा

(क) (i) प्रकार

(ii) क्षमता (रेंज का वर्णन कीजिए) अधिकतम् न्यूनतम

(iii) जल गेज

(ख) क्या खान के विकास और डेपिलारिंग के विभिन्न प्रक्रमों के दौरान वही पंखा उसकी संवातन अपेक्षाएं पूरी करेगा या अन्य पंखा/पंखे लगाये जायेंगे । पश्चात् कथित दशा में खान की विद्यमानता के विभिन्न प्रक्रमों पर उसके समतुल्य द्वार का वर्णन करते हुए ब्यौरा दीजिए ।

(2) भूमिगत पंखे, यदि कोई हों, प्रकार क्षमता सहायक या बूस्टर

(i)

(ii)

(3) संवातन की प्रस्थापित पद्धति का वर्णन कीजिए और अभिन्या रेखांक पर निम्नलिखित भी उपदर्शित कीजिए . . . . .

संवातन डिस्ट्रिक्ट } मीटरों/घनफुट में वायु की मात्रा]]

(4) अवहस्तम पारी में नियोजित प्रति व्यक्ति के लिए या दैनिक उत्पादन के प्रति टन पर, जो भी अधिक हो, उपलभ्य वायु की न्यूनतम मात्रा जो प्रत्येक संवातन डिस्ट्रिक्ट के लिए अन्तिम संवातन संगम के साथ-साथ चलती हो । (1) (2)

(5) (i) कोयले के प्रति उनमें दाह्य गैस के उत्सर्जन की अनुमति दर क्या है ।

(ii) किसी संवातन डिस्ट्रिक्ट के वापसी मार्ग में गैस का अधिकतम प्रतिशत (वास्तविक या आयोजित)

10. **कोई अन्य सुसंगत ब्यौरा**

प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान या विश्वास के अनुसार सही है ।

हस्ताक्षर

पदनाम : स्वामी/अभिकर्ता/प्रबन्धक

तारीख

अनुवेश

1. यदि अपेक्षित सूचना के लिए किसी स्तम्भ में स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से कागजों का प्रयोग किया जा सकता है ।

2. जिस क्षेत्र में खनन किये जाने की प्रस्थापना हो उसे और विनियम 59 के अधीन रखे गये अन्तर्भौम रेखांक में दिखाये जाने के लिये अपेक्षित अन्य सभी लक्षणों (जिसमें सतह-लक्षण सम्मिलित हैं) को दर्शित करते हुए अभिन्यास रेखांक के साथ यह प्ररूप दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

3. समतुल्य द्वार की गणना वर्ग मीटर में की जानी चाहिए ।

[सं० 1/50/63-एम 1—संशोधन सं० 17]

जे० डी० तिवारी, अवर सचिव ।

(Department of Labour and Employment)
(Directorate General of Employment and Training

New Delhi, the 7th April 1971

G.S.R. 569.—In exercise of the powers conferred by clause (e) of section 2 of the Apprentices Act 1961 (52 of 1961), and after consultation with the Central Apprenticeship Council, the Central Government hereby specifies the following trades as designated trades for the purposes of the said Act, namely:—

Trades	*Code number(s) of National Classification of Occupations.
Textile Trade Group	
1. DOFFER-*cum*-PIECER	702.35 702.60
2. TENTER (Drawing and Speed/Fly frames).	702.10 702.13 702.16

*The reference is to National Classification of Occupations adopted by the Government of India, Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation, Directorate General of Employment and Training.

[No. 51(2)/70-AP(i)]

श्रम एवं नियोजन विभाग

(नियोजन एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय)

नई दिल्ली, 7 अप्रैल, 1971

स० श्र० नि० 569.—शिक्षु अधिनियम 1961 (1961 का 52) की धारा 2 के खण्ड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय शिक्षुता परिषद् से परामर्श करने के बाद केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त अधिनियम के लिए निम्नलिखित व्यवसायों को निदिष्ट व्यवसायों के रूप में उल्लिखित करती है, अर्थात् :—

व्यवसाय	*व्यवसाय के राष्ट्रीय वर्गीकरण की कोड संख्या (ए)
सूती कपड़ा व्यवसाय समूह :	
1. डाफर एवं पीसर	702.35
	702.60
2. टेन्टर (ड्राइंग व स्पीड/फ्लाइ फ्रेमस्) . .	702.10
	702.13
	702.16

*यह भारत सरकार के श्रम, नियोजन और पुनर्वास मंत्रालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा स्वीकृत व्यवसायों के राष्ट्रीय वर्गीकरण से सम्बन्धित है।

[संख्या 51(2)/70—एपी (i)]

G.S.R. 570.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 37 of the Apprentices Act, 1961 (52 of 1961) and after consulting the Central Apprenticeship Council, the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Apprenticeship Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called Apprenticeship (Amendment) Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Apprenticeship Rules, 1962,—

(i) in sub-rule (1) of rule 5 in Group No. 16 relating to Textile Trades-Group, after item 1 and the entries relating thereto, the following items and entries shall be inserted, namely:—

	Trades	Code number (s) National Classification of Occupations.	Period of Training
"2.	DoFFER-cum-PIECER	702.35, 702.60	Six months
3.	TENTER (Drawing and Speed/Fly Frames	702.10, 702.13, 702.16	Six months"

(ii) in schedule I after serial No. 54 and the entries relating thereto, the following Serial Nos. and entries shall be inserted, namely:—

S.No	Designated Trade	Minimum Educational Essential	Qualification Desirable
"55.	DO FFER-cum-PIECER	5th Class Pass.	
56.	TENTER (Drawing and Speed/ Fly frames).	5th Class Pass."	

(G. JAGANNATHN)
Deputy Secretary to the Govt. of India

[No. 51(2)/70-AP(iii).]

स० आ० नि० **570**.—शिक्षु अधिनियम, 1961 (1961 का 52) की धारा 37 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय शिक्षुता परिषद् से परामर्श करने के बाद केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा शिक्षुता नियम 1962 में और आगे संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाती है अर्थात् :—

1. (एक) ये नियम शिक्षुता (संशोधन) नियम, 1971 कहे जायेंगे।
(दो) ये भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख के बाद से लागू माने जायेंगे।

2. (एक) शिक्षुता नियम, 1962 के नियम 5 के उप-नियम (1) में सूती कपड़ा व्यवसाय से सम्बन्धित समूह संख्या 16 की मद सुख्या 1 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियां के बाद निम्नलिखित मद तथा प्रविष्टियां निविष्ट की जायेंगी, अर्थात् :—

व्यवसाय"	व्यवसाय के राष्ट्रीय वर्गीकरण की कोड संख्या (ए)	प्रशिक्षण की अवधि
"2. डाफर एवं पीसर . .	702.35, 702.60	छः माह
3. टेन्टर (ड्राइंग व स्पीड/फ्लाइ फेमस्)	702.10, 702.13, 702.16	छः माह"

(दो) अनुसूची एक में क्रम संख्या 54 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित क्रम सख्याएं तथा प्रविष्टियां निविष्ट की जायेंगी, अर्थात् :—

क्रम संख्या	निदिष्ट व्यवसाय	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं	
		अनिवार्य	वांछनीय
"55	डाफर एवं पीसर . .	पांचवी कक्षा पास	—
56	टेन्टर (ड्राइंग व स्पीड/फ्लाई फेमस्)	पांचवी कक्षा पास	—

[संख्या 51 (2)/70—एपी (iii)]

ORDER

New Delhi, the 7th April 1971

G.S.R. 571.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 8 of the Apprentices Act, 1961 (52 of 1961), the Central Government, after consulting the Central Apprenticeship Council, hereby determines that for each of the designated trades noted below, the ratio of apprentices to workers other than unskilled workers in that trade, shall be as indicated in column 4 thereof:—

Sl. No.	Designated trade	Code number (s) of National classification of Occupation.	RATIO	
			Apprentices	Workers other than unskilled workers.
1	2	3	4	
1.	DOFFER-cum-PIECER	702.35 702.60	1	100
2.	TENTER (Drawing and Speed/ Fly frames)	702.10 702.13 702.16	1	50

[No. 51(2)/70-AP(ii).]

G. JAGANNATHAN, Dy. Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 7 अप्रैल, 1971

स० आ० नि० 571.—शिक्षु अधिनियम, 1961 (1961 का 52) की धारा 8 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय शिक्षुता परिषद् से परामर्श करने के बाद, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा निर्धारण करती है कि निम्नलिखित प्रत्येक निर्दिष्ट व्यवसाय के लिये शिक्षु और अकुशल कामगरों के अतिरिक्त कामगरों का अनुपात उस व्यवसाय में वही होगा जो उसके स्तम्भ 4 में दिया गया है :—

क्रम संख्या	निर्दिष्ट व्यवसाय	व्यवसाय के राष्ट्रीय वर्गीकरण की कोड संख्या (एं)	अनुपात	
			शिक्षु	अकुशल कामगरों के अलावा कामगर
1	2	3	4	
1	डाफर एवं पीसर . . .	702.35 702.60	1 :	100
2	टेन्टर (ड्राइंग व पीड/फ्लाई फ्रेमस्) .	702.10 702.13 702.16	1 :	50

[संख्या 51(2)/70-एपी(ii)]

ग० जगन्नाथ, उप-सचिव ।

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel)

New Delhi, the 30th March 1971

G.S.R. 572.—In pursuance of rule 11 of the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, the Central Government in consultation with the Government of Tamil Nadu hereby makes the following amendments to Schedule III appended to the said rules:

2. The amendments may be called the Fifth Amendment of 1971 to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

3. These amendments shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

AMENDMENT TO IAS/(PAY) SCHEDULE

4. In the said Schedule III, under the heading "A-Posts carrying pay above the time scale pay in the Indian Administrative Service under the State Governments' against Tamil Nadu the following entry may be added:—

Special Representative to Government of Tamil Nadu at New Delhi.	2500-125/2-2750.

[No. 6/41/70-AIS(I)-B.]

B. NARASIMHAN, Under Secy.

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1971